# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–01.07.2025 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने युवा डॉक्टरों से वंचित ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में काम करने का किया आग्रह, डॉक्टरों और मरीजों के बीच बेहतर संवाद तंत्र बनाने पर दिया जोर।
- राज्य में हो रही लगातार बारिश से बने हालात पर सरकार की नजर, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने प्रभावितों को हर संभव सहायता का दिलाया भरोसा।
- राजकीय श्रावणी मेला की तैयारी को लेकर देवघर में हुई बैठक, श्रद्धालुओं को उचित दर पर गुणवत्ता युक्त सामग्री और बेहतर सेवा सुनिश्चित करने के दिए गए निर्देश।
- मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में खूंटी पुलिस को मिली बड़ी सफलता, एक हजार किलो मादक पदार्थ के साथ दो तस्कर गिरफ्तार।
- मौसम विभाग ने राज्य के दक्षिणी जिलों में 3 जुलाई तक के लिए जारी किया रेड अलर्ट, भारी बारिश और वज्रपात की जताई संभावना।

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने युवा डॉक्टरों से समाज के उन वर्गों के लिए काम करने का आग्रह किया है, जिन्हें चिकित्सा सेवाओं की सबसे अधिक आवश्यकता है। कल गोरखपुर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के पहले दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश के विकास में डॉक्टरों की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है।

*******************

राज्य में लगातार हो रही बारिश से उत्पन्न हालात पर सरकार लगातार नजर बनाए हुए है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि मानसून की शुरुआत में ही बारिश की तीव्रता चिंता का विषय है और इसका पर्यावरण पर भी असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बारिश से प्रभावित लोगों के साथ सरकार पूरी तरह खड़ी है और हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने एक्स के माध्यम से राज्यवासियों को भरोसा दिलाया कि सभी प्रभावित लोग सरकार की निगरानी में हैं और उन्हें राहत पहुंचाई जा रही है।

*******************

झारखंड हाई कोर्ट ने जेएसएससी–सीजीएल पेपर लीक मामले के मास्टरमाइंड शशि भूषण दीक्षित की जमानत याचिका खारिज कर दी है। न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की अदालत में कल हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के विशेष लोक अभियोजक ने जमानत का कड़ा विरोध किया। गौरतलब है कि शशि भूषण दीक्षित को 28 मार्च को गोरखपुर से गिरफ्तार किया गया था और उसके पास से पेपर लीक से जुड़े दस्तावेज, डिजिटल साक्ष्य और गिरोह से संपर्क के प्रमाण मिले थे।

*******************

राजकीय श्रावणी मेला के सफल संचालन और श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर देवघर में उपायुक्त नमन प्रियेष लकड़ा ने बैठक की जिस में चैंबर ऑफ कॉमर्स, होटल मालिकों, खाद्य पदार्थ विक्रेताओं और सहायता समितियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। उपायुक्त ने मेला के दौरान श्रद्धालुओं को गुणवत्ता युक्त सामग्री उचित दर पर उपलब्ध कराने और समन्वित रूप से सेवा देने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को मिले सुझावों के अनुसार आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

*******************

रांची में आज दो विद्युत फीडरों में अंडरग्राउंड केबल कार्य के कारण बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। रांची सदर विद्युत उपकेंद्र से जुड़े 11 केवी चडरी फीडर में दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक बिजली कट रहेगी, जिससे थड़पखना, एच बी रोड, चडरी और बीएसएनएल इलाके प्रभावित होंगे। साथ ही पॉलिटेक्निक विद्युत उपकेंद्र से जुड़े 11 केवी मेन रोड फीडर में सुबह 10 बजकर 30 मिनट से 12 बजकर 30 मिनट तक बिजली आपूर्ति ठप रहेगी। इस दौरान अंजुमन कॉलोनी, सैनिक मार्केट, राज हॉस्पिटल समेत कई इलाकों में बिजली नहीं रहेगी।

*******************

रेल मंत्रालय ने यात्री रेल सेवाओं के मूल किराए को तर्कसंगत बना दिया है, जो आज से प्रभावी होगा। गैर–एसी मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के लिए ट्रेन किराए में मामूली रूप से एक पैसा प्रति किलोमीटर और एसी श्रेणियों के लिए दो पैसे प्रति किलोमीटर की वृद्धि की जाएगी। मंत्रालय ने कहा है कि उपनगरीय एकल यात्रा किराए और मासिक सीजन टिकटों में कोई वृद्धि नहीं की जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि आरक्षण शुल्क, सुपरफास्ट अधिभार और अन्य शुल्क अपरिवर्तित रहेंगे। इसने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस कदम का उद्देश्य किराया संरचनाओं को सुव्यवस्थित करना और यात्री सेवाओं की वित्तीय स्थिरता को बढ़ाना है।

*******************

वित्त वर्ष 2024–25 में वस्तु और सेवा कर– जीएसटी का सकल संग्रह पांच वर्ष में दोगुना होकर 22 दशमलव 8 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है। वस्तु और सेवा कर को लागू हुए आज आठ वर्ष पूरे हो गए। एक रिपोर्ट –

*******************

मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में खूंटी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने उत्तर प्रदेश के दो तस्करों को एक ट्रक के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार कर करीब एक हजार किलो मादक पदार्थ बरामद किया है। एसपी मनीष टोप्पो ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों तस्करों को न्यायिक हिरासत में भेजते हुए आगे की जांच शुरू कर दी है।

*******************

सीसीएल अपने सामाजिक दायित्व के तहत न केवल मानव सेवा के उपाय कर रही है, बल्कि रक्षक स्कीम के तहत सड़क पर जीवन गुजारने वाले बेजुबान कुत्तों की चिकित्सा और नसबंदी की व्यवस्था करती है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*******************

मौसम विभाग ने राज्य के दक्षिणी जिले जैसे खूंटी, सरायकेला खरसावां, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, गुमला में 3 जुलाई तक रेड अलर्ट जारी किया है। यहां पर औसत 300 मिलीमीटर से अधिक बारिश की संभावना है और हवा की गति 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा हो सकती है, साथ ही वज्रपात की भी आशंका जताई गई है। मौसम विभाग ने इन जिलों के लोगों को घर से बाहर ना निकलने और खुले मैदान में न जाने की सलाह दी है।

*******************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

- रांची से प्रकाशित होने वाले प्रमुख अखबारों ने हूल दिवस पर साहिबगंज के भोगनाडीह में हुए पुलिस और ग्रामीणों के बीच की झड़प की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
- प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हवाले से लिखा है– आदिवासी धर्मकोड व पहचान के लिए फिर होगा हूल।
- दैनिक भास्कर की सुर्खी है – हूल दिवस पर भोगनाडीह में आयोजन को लेकर पुलिस और ग्रामीणों में झड़प, तेरह घायल।
- हिंदुस्तान ने भोगनाडीह में झड़प की खबर के साथ जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 की होगी जांच को लीड खबर बनाया है।
- दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री का बयान और हूल दिवस पर रणक्षेत्र बना भोगनाडीह को सुर्खी बनाया है।

******समाप्त********